साइबर क्राइम पुलिस थाना, वाराणसी, कमिश्नरेट वाराणसी।
रिजर्व पुलिस लाइन , जनपद- वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भारत पिन नं.- 221002
सी.यू.जी. नं.-7839876647 **ई-मेल- sho-cybercrime.va@up.gov.in**

प्रेस नोट

दिनांक-11.07.2024

विषयः- साइबर फ्राड का फरार अपराधी देहरादून, उत्तराखण्ड से गिरफ्तार।

वादी मुकदमा श्री वंशनरायण सिंह पुत्र स्व0 गोवर्धन सिंह निवासी- ग्राम- शिवदशा थाना- चौबेपुर, जनपद- वाराणसी उ0प्र0 द्वारा सूचना दिया गया था, उनके पुत्र अवनीश कुमार सिंह को वाट्सएप ग्रुप में नायका फैसन के नाम से एक मैसेज कर बताया गया कि यदि कोई प्रोडक्ट खरीदते है तो अच्छा लाभ मिलेगा, जिसके बाद उसने सात चरणो में छोटी छोटी धनराशि जमा कराया गया तथा पैसा वापस कर दिया गया, जिस पर विश्वास कर सात चरण में कुल 1,13,650/- रुपये ठगी किया गया है, जिसके सम्बन्ध में साइबर थाना वाराणसी पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किया गया। विवेचना के दौरान पाया गया कि उपरोक्त धनराशि SAB SECURITY नाम के आई.सी.आई.सी.आई बैंक के करन्ट एकाउन्ट में क्रेडिट होना पाया गया। उपरोक्त खाते के धारक का नाम- अंकित भारद्वाज पुत्र सियाराम भारद्वाज वर्तमान पता – लेन नं0 1, एकता बिहार सहस्त्र धारा रोड, थाना – रायपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड, स्थायी पता- आदर्श नगर, गली नं0 बी-6 थाना नजीबाबाद, जनपद- बिजनौर, उत्तर प्रदेश उम्र लगभग 34 वर्ष पाया गया, जिसके द्वारा साइबर अपराधियों के साथ मिलकर कमीशन के लालच में अपना खाता पैसा लेकर दिया जाना पाया गया था। अभियुक्त उपरोक्त मु0अ0सं0 – 0020/2022 धारा – 420,467,468,471,120बी भादवि. व 66डी आईट एक्ट साइबर क्राइम थाना वाराणसी में माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लगभग 1 वर्ष से फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय के आदेश से कुर्की की कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त अंकित भारद्वाज उपरोक्त ने SAB SECURITY (SAKSHI ANKIT BHARDWAJ) के नाम से ICICI BANK में करंट एकाउन्ट खोला था, जिसमें S से साक्षी नाम अभियुक्त की पत्नी का है तथा A से अंकित तथा B से भारद्वाज होना पाया गया। अभियुक्त अंकित भारद्वाज उपरोक्त देहरादून जिला कोर्ट में अधिवक्ता का कार्य करता है। अभियुक्त के दो साथी संजय राय व मो0 नईम को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जो वर्तमान में जिला कारागार वाराणसी में दिनांक- 01.09.2022 से निरुद्ध है।

मुकदमा उपरोक्त में फरार अपराधी अंकित भारद्वाज पुत्र सियाराम भारद्वाज वर्तमान पता – लेन नं0 1, एकता बिहार सहस्त्र धारा रोड, थाना – रायपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड स्थायी पता- आदर्श नगर, गली नं0 बी-6 थाना नजीबाबाद, बिजनौर उत्तर प्रदेश जो माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लगभग 1 वर्ष से फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय के आदेश से कुर्की की कार्यवाही की जा चुकी है। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट वाराणसी के द्वारा श्रीमान पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री चन्द्रकांत मीना, के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री सरवणन टी., सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री गौरव कुमार तथा साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र व उ0नि0 सतीश सिंह को नामित करते हुए टीम का गठन किया गया था। जिसके उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को देहरादून, उत्तराखण्ड पुलिस तथा वाराणसी उत्तर प्रदेश से साइबर क्राइम थाना पुलिस के द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक- 09.07.2024 को देहरादून, उत्तराखण्ड से अभियुक्त उपरोक्त की ससुराल – गंगोल पंडित वाड़ी थाना कोतवाली कैंट, जनपद- देहरादून, उत्तराखण्ड से गिरफ्तार किया गया। जिसको ट्रान्जिट रिमाण्ड पर लाकर माननीय न्यायाल एसीजेएम प्रथम वाराणसी के समक्ष प्रस्तुत कर जिला कारागार वाराणसी मे निरुद्ध कराया गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

- अंकित भारद्वाज पुत्र सियाराम भारद्वाज वर्तमान पता – लेन नं0 1, एकता बिहार सहस्त्र धारा रोड, थाना – रायपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड, स्थायी पता- आदर्श नगर, गली नं0 बी-6 थाना नजीबाबाद, जनपद- बिजनौर, उत्तर प्रदेश उम्र लगभग 34

<u>पुलिस टीम के सदस्य थाना साइबर क्राइम वाराणसी -</u>

1. प्रभारी निरीक्षक विजय नारायण मिश्र
2. हे0का0 प्रभात कुमार द्विवेदी
3. का0 चन्द्रशेखर यादव
4. का0 दिलीप कुमार

<u>विशेष सहयोग</u>

1- पुलिस अधीक्षक देहरादून, उत्तराखण्ड

2- नगर पुलिस अधीक्षक देहरादून, उत्तराखण्ड

3- एस.ओ.जी. टीम, देहरादून, उत्तराखण्ड

4- सर्विलांस टीम कमिश्नरेट वाराणसी

थाना साइबर क्राइम

कमिश्नरेट वाराणसी।